अमर उजाला 28/02/2026

टीम ए ने दो रन से जीता 15 ओवर का मैत्री क्रिकेट मैच

जीएमएन कॉलेज में हुई स्पर्धा, प्राचार्य बने टीम के कप्तान

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में 15 ओवरों का मैत्री क्रिकेट मैच खेल गया। इस मुकाबले में टीम ए ने टीम बी को 2 रन के मामूली अंतर से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम ए ने कप्तान डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में सधी हुई शुरुआत की। टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 104 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

टीम की ओर से विक्रम सैनी ने कप्तानी पारी खेलते हुए 53 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए। उनकी इस पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गेंदबाजी में टीम बी की ओर से अंकित सैनी ने 2 विकेट चटकाए, जबकि गुंजीत, धर्मवीर और आर. देसवाल को 1-1 सफलता मिली।

अंकित की तूफानी पारी नहीं दिला सकी जीत : 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम बी के कप्तान धर्मवीर सैनी ने आक्रामक रणनीति अपनाई।

अंकित सैनी ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए मात्र 13 गेंदों पर 31 रनों की विध्वंसक पारी खेली, वहीं गुंजीत सिंह ने 12 गेंदों पर 17 रन जोड़कर मैच को रोमांचक मोड़ पर ला खड़ा किया, हालांकि टीम ए के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से मैच वापसी की।

नरेश ने 2 विकेट झटके, जबकि संजीव और विक्रम ने 1-1 विकेट लेकर टीम बी को 102 रनों पर ही रोक दिया।



जीएमएन कॉलेज में आयोजित क्रिकेट मैच में शॉट लगाते प्राचार्य। प्रवक्ता

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच के दौरान टीमों के सदस्य। प्रवक्ता

अनुशासन, टीम भावना ही खेल का आधार : डॉ. रोहित

पुरस्कार वितरण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच आपसी समन्वय और अनुशासन को सुदृढ़ करते हैं। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बल्कि नेतृत्व क्षमता और मानसिक दृढ़ता के विकास में भी सहायक होते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति और प्रतिभागियों की सराहना की।